Helpline 1064 94135-02834

# कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- **अजमेर में कार्यालय रीको के सीनियर डिप्टी जनरल मैनेजर अंजय विश्वकर्मा को 50,000/– रुपये एवं कार्यालय उप ईकाई रीको ब्यावर में कमलेश गुर्जर कनिष्ठ सहायक को 35,000/– रूपये की रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों पकडा पूछताछ एवं कार्यवाही जारी है।**

जयपुर, दिनांक 10 जुलाई, 2026। ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर ए.सी.बी. चौकी जयपुर नगर चतुर्थ जयपुर इकाई द्वारा आज कार्यवाही करते हुये आरोपी **अंजय विशश्वकर्मा हाल सीनियर डिप्टी जनरल मैनेजर कार्यालय राजस्थान स्टेट इण्डट्रीयल डवलपमेन्ट एण्ड इन्वेस्टमेन्ट कॉपरेशन लि. (रीको) अजमेर** को **50,000/–**रुपये एवं **आरोपी कमलेश गुर्जर पुत्र पूसाराम गुर्जर उम्र 26 साल निवासी गांव भाटीपुरा पोस्ट चौसला पुलिस थाना नांवा सिटी जिला डिडवाना–कुचामन हाल कनिष्ठ सहायक कार्यालय रीको उप ईकाई ब्यावर** को **35,000/– रूपये** की रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों पकडे गये है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के **महानिदेशक श्री गोविन्द गुप्ता** ने बताया कि ए.सी.बी. चौकी जयपुर नगर–चतुर्थ को एक शिकायत इस आशय की मिली कि परिवादी को औद्योगिक क्षेत्र संस्थान ब्यावर में आवंटित औद्योगिक भूखण्ड का लीजडीड एवं उत्पाद परिवर्तन करने की एवज में 07.07.2026 को अंजय विश्वकर्मा सीनियर डिप्टी जनरल मैनेजर रीको अजमेर के द्वारा मांग कर 50,000/– रूपये लेना तय होकर आज दिनांक 10.07.2026 को 50,000/– रूपये की रिश्वत राशि लेते हुए रंगे हाथ पकडा गया तथा दिनांक 06. 07. 2026 को कमलेश गुर्जर कनिष्ठ सहायक रीको उप ईकाई ब्यावर द्वारा 35,000/– रूपये की मांग कर आज दिनांक 10.07.2026 को 35,000/– रूपये की रिश्वत राशि लेते हुए रंगे हाथ पकडे गया एवं कार्यवाही जारी है।

जिस पर एसीबी के **उप महानिरीक्षक–द्वितीय जयपुर श्री ओमप्रकाश मीणा** के सुपरवीजन में ए.सी.बी. जयपुर नगर चतुर्थ जयपुर के **अति. पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार गुप्ता** एवं **ज्ञान प्रकाश नवल अति. पुलिस अधीक्षक एसीबी नगर तृतीय जयपुर** ने ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपीगण अंजय विश्वकर्मा सीनियर डिप्टी जनरल मैनेजर रीको अजमेर एवं कमलेश गुर्जर कनिष्ठ सहायक उप ईकाई रीको ब्यावर 50,000/– रूपये एवं 35,000/– रूपये की रिश्वत राशि लेते हुए रंगे हाथो पकडे गये है।

एसीबी के **महानिदेशक श्री गोविन्द गुप्ता, अतिरिक्त महानिदेशक श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव एवं महानिरीक्षक श्रीमती एस. परिमला** के सुपरवीजन में आरोपीगण अंजय विश्वकर्मा सीनियर डिप्टी जनरल मैनेजर रीको अजमेर एवं कमलेश गुर्जर कनिष्ठ सहायक उप ईकाई रीको ब्यावर से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की **टोल फ्री हेल्पलाइन नम्बर 1064 एवं व्हाट्सएप हेल्पलाइन नम्बर 94135–02834** पर 24X7 सम्पर्क कर भ्रष्टाचार के विरुद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। एसीबी आपके वैध कार्य को करवाने में पूरी सहायता करेगी।